तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



13 साध्वी भगवंतों की भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश ...





14 धमतरी में ब्लॉक कांग्रेस का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन







B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26


## खबर संक्षेप

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 28 को

**धमतरी।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत धमतरी की बैठक आगामी 28 जुलाई को आहूत की गई है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय के सभाकक्ष में यह बैठक दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में पैक्स समितियों में गोदाम निर्माण, खाद-बीज, दवाई वितरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खादी ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### जिला स्तर पर आयोजित काउंसिलिंग निरस्त

**धमतरी।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए बीते 14 जुलाई को जिला स्तर पर काउंसिलिंग आयोजित की गई थी, जिसे निरस्त किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि धमतरी जिले से काउंसिलिंग में चयनित विद्यार्थियों को काउंसिलिंग के लिए शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही सूचना दी जाएगी।

## लोहरसी पैक्स से हुआ 10 पैक्स में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा का शुभारंभ

# तकनीकी खेती में रोल मॉडल बन रहा धमतरी : केदार कश्यप





■ एक साथ कई ड्रोन उड़े आसमान पर, पानी की फुहारों से बारिश जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तकनीकी खेती की दिशा में धमतरी प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के विस्तार और किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ने की दिशा में धमतरी जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। धमतरी प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह बातें सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कही।

वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार ग्राम लोहरसी स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में आयोजित कार्यक्रम में जिले की 10 समितियों में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं ड्रोन का संचालन कर इसकी कार्यप्रणाली का अवलोकन किया तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चयनित समितियों के प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों ने ड्रोन स्प्रेयर का प्रदर्शन किया। किसानों को इस तकनीक के फायदे भी बताए गए। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषि में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा दे रही है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने का यह अभिनव प्रयास खेती को अधिक लाभकारी, सुरक्षित और वैज्ञानिक बनाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक से समय और श्रम दोनों की बचत होगी, कृषि श्रमिकों की कमी की समस्या से राहत मिलेगी तथा किसान कम लागत में अधिक प्रभावी ढंग से दवा एवं उर्वरक का छिड़काव कर सकेंगे। इससे उत्पादन क्षमता और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि धमतरी को कृषि नवाचारों का मॉडल जिला बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है और ड्रोन सेवा इसी का परिणाम है। आने वाले समय में इस सुविधा का विस्तार अन्य ▶▶ शेष पेज 12 पर

### इन पैक्स में ड्रोन सुविधा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले सहकारी समितियों को मॉडल बनाया जा रहा है। इसमें केवल ड्रोन सुविधा ही नहीं, बल्कि इन समितियों में च्वाइस सेंटर, चना खरीदी के साथ कई आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन की सुविधा बोड़रा, लोहरसी, दोनर, अछोटा, खरेंगा, भोथीडीह, कुंडेल, गाड़ाडीह, जुगदेही एवं करेली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में शुरू की गई है। इन समितियों में किसानों को नाममात्र के सेवा शुल्क पर ड्रोन से दवा छिड़काव की सुविधा दी जाएगी।

### तकनीक आने के बाद युवा भी जुड़ रहे खेती से : निरंजन

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि एक समय था, जब किसी ने नहीं सोचा था कि खेती में ड्रोन का उपयोग होगा, परंतु आज हो रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के प्रयास से धमतरी में यह नवाचार शुरू हुआ है। अब जरूरत है, जिले में जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की। धमतरी में धान का उत्पादन काफी अधिक होता है, लेकिन इसके साथ रसायनों का उपयोग भी हो रहा है। अब समय आ गया है कि उत्पादन भले ही कम हो जाए, लेकिन रसायनों का उपयोग से किसानों को तौबा करना होगा। खेती में तकनीक लगातार बढ़ रही है। तकनीक आने से अब युवा भी खेती में लौटने लगे हैं।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमर्जेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अत: विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

#### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY

BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India

LAUNCH YOUR FUTURE WITH ISBM UNIVERSITY

New Campus in Heart of Raipur - Near Nalanda Parisar - 1 Km approx.
•Ultra Modern Campus •A.I. + M.L. Classes for All Student
•Free Career Guidance with Prior Appointment

CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!

NAAC ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
AACSB Business Education Alliance Member

ADMISSION OPEN 2026-27
Hostel Facility Available Boys/Girls




10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiters Network
200+ National & International Conferences
50+ MoUs & Tie-Ups
750+ Research Publications
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship

OUR PROGRAMS
- PHARMACY
- LAW
- INFORMATION & TECHNOLOGY
- LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
- COMMERCE & MANAGEMENT
- JOURNALISM & MASS COMM.
- HOTEL MANAGEMENT
- INNOVATION & COMPUTING
- DESIGN
- ENGINEERING & TECHNOLOGY
- SCIENCE
- ARTS & HUMANITIES
- YOGA & NATUROPATHY
- PhD

Shreeram Addiction

+91 9109333333, +91 7880170727

Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh - 493996

www.isbmuniversity.edu.in
(SCAN QR TO VISIT WEBSITE)

**खबर संक्षेप**

## ज्योति राव के भजनों से गूंजा गुंडिचा मंदिर परिसर

**दंतेवाड़ा।** शहर के बस स्टैंड स्थित गुंडिचा मंदिर (भगवान जगन्नाथ के मौसी का घर) में आयोजित भव्य भजन संध्या में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे। पूरे मंदिर परिसर में जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष लगातार गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में शिव शक्ति भजन मंडली की मुख्य गायिका ज्योति राव ने अपनी टीम के साथ भजन की प्रस्तुति दी। भगवान जगन्नाथ, श्रीकृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। ज्योति राव की मधुर आवाज़, भावपूर्ण गायकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लगातार जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते रहे। ज्योति राव की प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# स्वीडन में कांस्य पदक जीतकर लौटे सत्यांशु दीप का धमतरी में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप-2026 में भारतीय फुटबॉल टीम के साथ कांस्य पदक जीतने वाले धमतरी के विशेष खिलाड़ी सत्यांशु दीप का शहर लौटने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सार्थक स्कूल परिवार, शहरवासियों और प्रशंसकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। सत्यांशु दीप ने 12 से 18 जुलाई 2026 तक स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप-2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। स्पेशल ट्रॉफी वर्ग में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में भारत ने फिनलैंड को 2-1 से हराकर देश का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर उपस्थित सभी लोगों ने गर्व व्यक्त किया।

### सम्मान समारोह में मनाया गया जीत का जश्न

सार्थक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सत्यांशु दीप की आरती से हुई। इसके बाद केक काटकर जश्न मनाया गया और सभी ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। दीप प्रज्वलित कर सफलता का उत्सव मनाया गया। समारोह में स्कूल के दिव्यांग एवं विशेष बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।



### मेहनत, विश्वास और अनुशासन से मिली सफलता

सत्यांशु की माता रम्भा दीप ने कहा कि उन्हें अपने बेटे की मेहनत पर पूरा भरोसा था। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दुनिया के कई देशों के खिलाड़ी शामिल थे, फिर भी विश्वास था कि सत्यांशु बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि विशेष बच्चों को पूरा सहयोग और प्रोत्साहन दें, क्योंकि उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

सार्थक स्कूल की संस्थापक सरिता दोशी ने कहा कि सत्यांशु की उपलब्धि पूरे स्कूल परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि सत्यांशु शुरू से ही प्रतिभाशाली और मेहनती खिलाड़ी रहे हैं। वहीं कोच नागेश ठाकुर ने कहा कि विशेष बच्चों में अनुशासन और सीखने की क्षमता उत्कृष्ट होती है। सत्यांशु ने प्रशिक्षण के दौरान पूरी लगन से अभ्यास किया और पहले भी कई पदक जीत चुके हैं।

समारोह में संरक्षक मदनमोहन खंडेलवाल, सचिव स्नेहा राठौड़, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडे सहित स्कूल परिवार, प्रशिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# वनभूमि पर अवैध कब्जा सात आरोपी जेल दाखिल

**उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के गाताबाहरा कक्ष के 4.129 हेक्टेयर जमीन पर वृक्षों की कटाई कर मक्का बोनी करने का मामला**





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के रिसगांव परिक्षेत्र में 4.129 हेक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। गीले वृक्षों की गर्डल एवं कटाई कर खेती करने वाले सात आरोपियों को वनविभाग ने गिरफ्तार कर नगरी न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल धमतरी दाखिल करा दिया गया है।

यूएसटीआर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को उपनिदेशक वरूण जैन क्षेत्रीय प्रवास पर थे। इस दौरान सीतानदी अभ्यारण्य परिक्षेत्र रिसगांव के सहायक वृत फरसगांव परिसर गाताबाहरा कक्ष क्रमांक 159 आरक्षित वनक्षेत्र में 132 नग खड़े गीले वृक्ष /साल, बीजा अन्य प्रजाति/ को टंगिया से गर्डलिंग कर कुल 4.129 हेक्टयर क्षेत्रफल में वनभूमि पर जोताई कर मक्का की खेती कर अवैध अतिक्रमण करना पाया गया। पूछताछ करने पर गाताबाहरा निवासी समारु पिता चमनु कमार 53 वर्ष, मयाराम पिता सिंगली कमार 38 वर्ष, श्रवण पिता उदेराम गोंड 35 वर्ष, डोमार पिता रतिराम गोंड 55 वर्ष, राजेंद्र पिता नंदूराम गोंड 51 वर्ष, राजू पिता नन्दूराम गोंड 47 वर्ष, सरजू पिता नंदूराम गोंड 44 वर्ष का वन्यजीवों के वासस्थल को नष्ट करने, पर्यावरण प्रदूषित करने का अवैधानिक कृत्य पाए जाने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत पीओआर पंजीबद्ध किया गया। वन अपराध प्रकरण में सभी आरोपियों के खिलाफ प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय नगरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से सक्षम न्यायालय ने सातों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल धमतरी दाखिल कराया गया।

उक्त कार्रवाई में रिसगांव वनक्षेत्र पाल अधिकारी चंद्रबली ध्रुव, उपवन क्षेत्रपाल बैकुंठसिंह ठाकुर, वनपाल सोमनाथ पांडे, वनरक्षक लिलेश्वर सिंह, गिरधर दीवान, भोजराम नेताम, पेवनलाल ध्रुव, वन चौकीदार दीनानाथ यादव एवं रिसगांव क्षेत्र के पेट्रोलिंग श्रमिक शामिल थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गातापार सोसायटी में हुआ पौधरोपण

■ सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : निरंजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोर्रा के अधीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गातापार में वृक्षारोपण एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोऑपरेटिव बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा और जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने सहकारिता के माध्यम से किसानों के हित में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों की आर्थिक उन्नति के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने किसानों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य सफल हो सकता है। साथ ही किसानों से सहकारिता के तहत संचालित योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने की अपील की।

कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक कोर्रा महेंद्र सिंह गौर, सुपरवाइजर ललित माणिकपुरी, प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू, संतोष यादव, भाजपा नेता भीम देव साहू, हरीश चंद्राकर, सुग्रीव नेताम, सविता गंजीर सहित विभिन्न समितियों के प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**पेज 11 का शेष**

## तकनीकी खेती में रोल मॉडल बन रहा धमतरी : केदार कश्यप

सहकारी समितियों तक भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने समिति परिसर में संचालित कृषि एवं कीटनाशक विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया तथा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

कार्यक्रम में औषधि बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, सीएससी प्रतिनिधि, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजधानी में कारगिल विजय दिवस समारोह 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में कारगिल युद्ध के योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं आम लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रायपुर ने कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया है।

कारगिल युद्ध के अंतिम पड़ाव में छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद कौशल यादव ने 25 जुलाई 1999 को अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद कौशल यादव को भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। जिनकी शहादत को याद करते हुए 25 जुलाई शाम 4:30 बजे आकाशवाणी चौक में शहीद कौशल यादव के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन तत्पश्चात भव्य बाइक रैली के साथ नगर भ्रमण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा किया जाएगा। बाइक रैली आकाशवाणी चौक से कलेक्ट्रेट चौक, मोती बाग, कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, संतोषी नगर, बोरिया खुर्द होते हुए मां दुर्गा मंदिर परिसर कांदुल में समापन होगा।

दूसरे दिन 26 जुलाई 2026 को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ग्राउंड, मां दुर्गा मंदिर परिसर कांदुल, रायपुर में भव्य कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सहित परिवारों को एवं कारगिल योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं कविता पाठ का आयोजन होगा। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रायपुर की ओर से प्रांतीय सचिव योगेश साहू ने उपस्थिति की अपील की है।

# जपं नगरी में नए सीईओ नारद मांझी ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

■ सरपंच संघ ने किया स्वागत



जनपद पंचायत नगरी में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नारद मांझी ने विधिवत कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सरपंच संघ के पदाधिकारियों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पंचायतों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही पंचायतों के समग्र विकास के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवपदस्थ सीईओ नारद मांझी के नेतृत्व में जनपद पंचायत नगरी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा पंचायत स्तर पर लंबित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित होगा।

नवपदस्थ सीईओ नारद मांझी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं सहभागिता के माध्यम से ग्रामीण विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत रतावा के सरपंच उमेश देव, लटियारा सरपंच रूपेश ध्रुव, टांगापानी सरपंच यशवंत मंडावी, जैतपुरी सरपंच डोमार सिंह नेताम, कल्लेमेटा सरपंच रूपेंद्र मरकाम, पांवद्वार सरपंच राकेश नेताम, हिन्छापुर सरपंच अमन ध्रुव, सेमरा सरपंच कविता ध्रुव, आमगांव सरपंच कमिलता ध्रुव सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग, संतकुमार ने रखा भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी नगर पंचायत स्थित रावणभाठा मैदान में बुधवार को ग्राम खम्हरिया निवासी संत कुमार मरकाम ने देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल की। पूरे दिन चले इस शांतिपूर्ण आंदोलन के माध्यम से उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग उठाई और सरकार का ध्यान विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। भूख हड़ताल के दौरान संत कुमार मरकाम ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश के विकास की सबसे मजबूत नींव होती है। यदि शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तो आने वाली पीढ़ी बेहतर नागरिक बन सकेगी और देश का समग्र विकास संभव होगा। उनका कहना है कि विद्यार्थियों को केवल डिग्री नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आज भी शहरी क्षेत्रों जैसी शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी, मूलभूत सुविधाओं का अभाव और संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

धरना-प्रदर्शन के दौरान श्री मरकाम ने अपनी कई प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखीं। उन्होंने नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही नीट पेपर लीक से प्रभावित होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने की मांग उठाई। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की बात कही। इसके अलावा शिक्षाविद एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग भी की। इस अवसर पर उनके साथ प्रमोद कुंजाम, उमेश देव, यशवंत मांडवी, रूपेश ध्रुव, अमन ध्रुव, नरेश माँझी, गीतेश साव, सत्यम भट्ट, भरत लहरे, पिंकी नितिन यदु, अभिषेक बंजारे, आकाश नेताम, राकेश नेताम, लखेश्वर साहू, पोखन नेताम, विकाश शांडिल्य, राकेश नेताम, भावेश चाँदनिया, मुकेश कुंजाम, दयानंद तमोवंशी, रवि नेताम, नवीन गौर ने भूख हड़ताल स्थल पर जाकर समर्थन किया। उन्होंने अपने संदेश के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी शिक्षा के मुद्दे पर जागरूक होने की अपील की।

# शासकीय हाईस्कूल टांगापानी में छात्रसंघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय हाई स्कूल टांगापानी में लोकतांत्रिक पद्धति से छात्रसंघ का गठन किया गया। घोषित परिणामों के अनुसार कक्षा 10वीं के मनेश कुमार को शाला नायक, कक्षा 9वीं की कु. तारणी मंडावी को उप शाला नायक, कक्षा 10वीं के चन्द्रकांति को छात्रा प्रतिनिधि तथा कक्षा 9वीं की कु. वंदना मरकाम को उप छात्रा प्रतिनिधि चुना गया।

इसी प्रकार कक्षा 9वीं की कु. राधिका को सांस्कृतिक सचिव, कक्षा 10वीं के विनय कुमार को क्रीड़ा सचिव, कक्षा 10वीं के कु. गुंजा नेताम को स्काउट सचिव, कक्षा 10वीं के दीपांशु को रेडक्रॉस सचिव, कक्षा 10वीं की कु. अंभा को बागवानी सचिव, कक्षा 10वीं की कु. चन्द्रिका नेताम को अनुशासन सचिव तथा कक्षा 10वीं की कु. धारणी को स्वच्छता सचिव का दायित्व सौंपा गया। वहीं कक्षा 9वीं के कक्षानायक पद पर आशीष कुमार तथा उप कक्षानायक पद पर निकेश कुमार का चयन किया गया। कक्षा 10वीं के कक्षा नायक पद पर रविन्द्र कुमार एवं उपकक्षानायक पद पर कु. जिया नेताम को जिम्मेदारी प्रदान की गई।

प्राचार्य बीडी बैरागी एवं चुनाव प्रभारी बी. आर. साहू, सहित शिक्षक गण एम.एल. ध्रुव, मुकेश सोन, डी.के. सोन, आर.एस. भास्कर, गीतांजली मरकाम, वेद प्रकाश साहू, सुषमा तारम, मनोज वट्टी एवं सोमेन्द्र शांडिल्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत )**
**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

लीला बाई साहू .................................... वादी
बनाम
आम जनता वगैरह ................................ प्रतिवादीगण
व्य.वा.क. 153अ/2026 पेशी दिनांक 04/08/2026
प्रो क्र.-1227/2026

प्रति,
आम जनता वगैरह,

चूंकि वादी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूद्ध ग्राम सिलौटी, प.ह.नं. 13, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 785/3, रकबा 0.0980 हे. राजस्व अभिलेख में वादी का ग्राम में प्रचलित नाम होने के कारण लछनी पिता गोवर्धन के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है। जबकि वादी का वास्तविक नाम लीला बाई पिता पति रामचंद है, जिस कारण वादी कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में लछनी पिता गोवर्धन एवं लीला बाई पिता पति रामचंद सभी एक व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में लछनी पिता गोवर्धन को विलोपित कर लीला बाई पिता पति रामचंद दर्ज करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आप आमजनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 04/08/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने, उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके।

अतः आप आम जनता वगैरह / प्रतिवादीगण को सूचित किया गया जाता है कि, यदि आप ऊपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

**रजत कुमार निराला**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री कमलेश साहू पिता बाबूलाल जाति तेली काश्तकार ग्राम अंवरी तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग. से अपने स्वामीत्व एवं अधिपत्य कि भूमिस्वामी ग्राम अंवरी प.ह.न. 32 तहसील कुरूद जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नं. 882/3 रकबा 0.65 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। । जिसका मात्र पंजीयन / रजिस्ट्रीय किया जाना शेष रहा है उक्त क्रय - विक्रय में यदि किसी व्यक्ति,बैक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अपने अधिवक्ता व स्वयं के द्वारा इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र कि लिखा पढी एवं रजिस्ट्रीय करा ली जावेगी एवं उस दशा मे प्राप्त आपत्ति झूठा एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। अतः सादर सूचना जाने ।

**दिनॉक 23.07.2026**

**धामूराम साहू (अधिवक्ता)**
**पता:- वार्ड क्रमांक 07 मंडी रोड, शॉप क्र. 3, नगर पंचायत भखारा तहसील भखारा, जिला-धमतरी छ.ग.**
**मो.नं. 9827597255**

# किसानों ने किया बरगद, पीपल और फलदार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ भटगांव में पौधों की देखरेख का लिया संकल्प



पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ मंगलवार सुबह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भटगांव परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बरगद, पीपल, छायादार, फूलदार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। किसान और ग्रामीणों ने केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई और संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में किसान एवं पूर्व पंच मोहन साहू, रोशन साहू, लोकेश साहू, किसान केशव गंजीर, रोहित साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित किसानों ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब इन पौधों की समय-समय पर देखरेख की जाए। उन्होंने पौधों को नियमित रूप से खाद-पानी उपलब्ध कराने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों से पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व पंच मोहन साहू, रोशन साहू और लोकेश साहू ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भटगांव क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र बनेगी। इस नई समिति से केवल भटगांव ही नहीं, बल्कि नवागांव खुर्द, बेंद्रनवागांव, सोरिद, गोकुलपुर और श्यामतराई सहित आसपास के गांवों के किसानों को भी कृषि संबंधी सेवाओं और सहकारी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि समिति परिसर में लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में न केवल हरियाली बढ़ाएंगे, बल्कि किसानों और ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

**Pride of Dhamtari**

**सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल**
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

**डॉ. विजय रावत**
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# मानसून में गंगरेल बांध और नरहरा जलप्रपात बने पर्यटकों की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल बांध और नरहरा जलप्रपात इन दिनों मानसून की बारिश के बाद पूरी तरह गुलजार हैं। हर दिन हजारों पर्यटक यहां पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली और जलधाराओं का आनंद ले रहे हैं। जिला प्रशासन ने दोनों स्थलों पर सुरक्षा और सुविधाओं के विशेष इंतजाम किए हैं।

महानदी पर स्थित पंडित रविशंकर सागर जलाशय (गंगरेल बांध) का जलस्तर वर्तमान में लगभग 48 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। कैचमेंट क्षेत्र में लगातार बारिश से जलाशय में पानी की आवक बनी हुई है और जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मौसम ऐसा ही बना रहा तो आने वाले दिनों में बांध के और भरने की संभावना है। वहीं धमतरी से लगभग 34 किलोमीटर दूर स्थित नरहरा जलप्रपात भी अपने पूरे शबाब पर है। घने जंगलों के बीच बहता झरना पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। धमतरी, रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में सैलानी दोनों स्थलों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं।

### बढ़ते जलस्तर और हरियाली ने बढ़ाया आकर्षण



#### सुरक्षा और पर्यटन विकास पर प्रशासन का फोकस

गंगरेल बांध सिंचाई, पेयजल, भिलाई स्टील प्लांट के लिए जलापूर्ति और पनबिजली उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। दूसरी ओर नरहरा जलप्रपात को ईको एवं एडवेंचर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां डस्टबिन, सोलर लाइट और प्रवेश टिकट की व्यवस्था की गई है। प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 10 रुपये, बाइक 20 रुपये और कार 50 रुपये निर्धारित है। दोनों पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग, सुरक्षा गार्डों की तैनाती और चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। प्रशासन ने पर्यटकों से बारिश के दौरान गहरे पानी और फिसलन वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। प्राकृतिक सौंदर्य और बेहतर व्यवस्थाओं के कारण गंगरेल बांध और नरहरा जलप्रपात मानसून में धमतरी जिले की पर्यटन पहचान को नई ऊंचाई दे रहे हैं।



खबर संक्षेप





## डायल 112 की परखी गई रिस्पांस क्षमता, पांच मिनट में मौके पर पहुंची टीम

**धमतरी।** एक्सीडेंट की काल्पनिक सूचना देकर डायल 112 की रिस्पांस क्षमता परखने एएसपी ने सरप्राइस चेकिंग की। सूचना पर डायल 112 की टीम ने 5 मिनट में मौके पर पहुंच अपनी तत्परता का परिचय दिया। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित व प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसपी भावना पांडेय के निदेशानुसार डायल 112 सेवा की कार्यक्षमता एवं रिस्पांस टाइम का आकस्मिक परीक्षण किया गया, जिसके लिए डायल 112 कंट्रोल रुम को दुर्घटना की काल्पनिक सूचना दी गई। जानकारी प्राप्त होते ही डायल 112 की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 5 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचकर अपनी तत्परता व दक्षता का परिचय दिया। एएसपी शैलेंद्र पांडेय ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 की रिस्पांस टाइम, टीम की कार्यप्रणाली एवं समन्वय का निरीक्षण किया तथा टीम की त्वरित प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ आमजन को सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**आपातकालीन स्थिति में डायल 112 को काल करें :** पुलिस ने आम नागरिको से किसी भी आपातकालीन स्थिति में दुर्घटना, अपराध अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल डायल 112 को काल करने की अपील की है। सूचना पर टीम तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुंचेगी।

## नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम में लोकतांत्रिक परंपराओं, जनसेवा के संकल्प और विकास के नए उत्साह के साथ नव-नियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में जितेंद्र गुप्ता, उरदो ठाकुर एवं छेदीलाल गुप्ता ने विधिवत एल्डरमैन पद की शपथ ग्रहण कर संविधान के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त करते हुए नगरवासियों की सेवा, नगर के समग्र विकास तथा जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत गीदम की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पांचीदेवी सुराना की पुण्य स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नगर के विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को भावपूर्ण शब्दों में स्मरण किया। शपथ ग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विवेक चंद्रा द्वारा संपन्न कराई गई, जबकि कार्यक्रम की प्रशासनिक व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हुलसी प्रधान के नेतृत्व में हुई। समारोह में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नव-नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि का पद जनता की अपेक्षाओं, विश्वास और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत गीदम के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सभी जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# साध्वी भगवंतों की चातुर्मासिक मंगल प्रवेश यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका निपूर्णा महाराज साहेब की सुशिष्या स्नेहयशा महाराज साहेब की अंतेवासिनी रत्ननिधी महाराज साहेब आदि ठाणा 4 का धर्मनगरी धमतरी की पुण्य धरा में मंगल प्रवेश हुआ है।

साथ ही 28 जुलाई दिन सोमवार से चातुर्मास का प्रारंभ हो रहा है। प्रवेश के अवसर पर जगह जगह समाजजनों एवं नगरजनों की ओर से साध्वी वृंदों का स्वागत किया गया। समाज की महिलाओं ने मंगल कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। सभी के हाथ में जैन धर्म का ध्वज था एवं जिनशासन की जय जयकार के नारे से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। श्री पार्श्वनाथ जिनालय पहुंचकर गुरु भगवंतों द्वारा परमात्मा एवं दादा गुरुदेव का दर्शन वंदन किया गया । उसके बाद चातुर्मासिक प्रवेश का कार्यक्रम धर्मसभा के रूप में प्रवचन हाल में प्रारंभ हुआ। समाज की महिला मंडलों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।



पूज्य रत्ननिधि महाराज साहब ने अपने प्रवचन के माध्यम से कहा कि चातुर्मासिक प्रवेश का ये अवसर हमें भावुक करने वाला भी है और प्रेरणा देने वाला भी है। मुम्बई से विहार करने के साथ ही अनेक स्थानों से चातुर्मास की विनती प्राप्त होने लगी। किंतु गुरूवर्या श्री के चातुर्मास का सौभाग्य अमरावती संघ को प्राप्त हुआ। साथ ही उनकी प्रेरणा एवं आशीर्वाद के साथ हमें धमतरी चातुर्मास हेतु आना पड़ा।

आज का ये प्रवेश केवल नगर प्रवेश तक ही सीमित न रहे बल्कि ये शरीर से आत्मा में प्रवेश का अवसर बने, आत्म जागृति का अवसर बने। इस चातुर्मास को आषाढ़ी चातुर्मास कहा जाता है। ये चातुर्मास आषाढ़ सुदी चौदस से प्रारंभ होता है और इसका कार्तिक सुदी पूनम को समापन होता है। मुझ पर गुरुवर्या श्री की कृपा के साथ ही धमतरी संघ का भी उपकार है।2010 में जब धमतरी से संघवी लूणकरण गोलछा एवं संघवी लक्ष्मीलाल लूनिया परिवार द्वारा धमतरी से कैवल्यधाम छहरीपाली पदयात्रा निकाली गई थी। उस समय परम पूज्य गुरुवर्या स्नेहयशा महाराज साहेब का सानिध्य मुझे भी प्राप्त हुआ। और उस समय गुरूवर्या श्री से मिलते ही नाम के अनुरूप जो स्नेह की वर्षा गुरूवर्या श्री से प्राप्त हुई। मैंने उसी समय निर्णय कर लिया कि मुझे संसार के भ्रमण में नहीं फंसना है बल्कि संयम जीवन ग्रहण करके पूज्य श्री की पावन निश्रा जीवन पर्यंत प्राप्त करना है और आत्मा का विकास करना है। इस प्रकार धमतरी संघ के पदयात्रा के दौरान गुरुवर्या श्री के समीप आने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। इस हेतु मैं धमतरी संघ का भी धन्यवाद करती हूँ। चातुर्मास काल पानी और वाणी का समय होता है। इस काल में इंद्र देवता पानी बरसाने का और साधु साध्वी जिनवाणी बरसाने का कार्य करते है। जमीन में गिरकर पानी धरती को धन धान्य से भरपूर बनाती है और जिनवाणी आत्मा को जगाती है। पानी के गिरने से धरती की गर्मी शांत होती है। और जिनवाणी के श्रवण से आत्मा में लगे कर्मों की गर्मी को शांत किया जा सकता है। पानी शरीर को साफ करती है जिनवाणी आत्मा को साफ करती है।

इस प्रवेश के अवसर पर विजय गोलछा, जीवन लोढ़ा, धरमचंद पारख, विरेंद्र गोलछा, अजय बरडिया, पारसमल गोलछा, लूणकरण गोलछा, लक्ष्मीलाल लूनिया, मूलचंद लुनिया, सुरेश बच्छावत, हीरा बच्छावत, निलेश पारख, अमित लोढ़ा, मनोज कटारिया, श्याम डागा, कुशल पारख, राहुल सेठिया, पूनम गोलछा, कुशल चोपड़ा, संकेत बरडिया, नीरज नाहर, आकाश गोलछा, मुमुक्षु बहन योगिता बरडिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन का सफल रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के अंतर्गत ग्राम नदीपारा मैनपुर खुर्द में ग्रामीणों की सजगता और वन विभाग के त्वरित कार्रवाई से एक पैंगोलिन का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नदीपारा निवासी पुष्पराज पांडे, साधुराम पांडे, गैंदराज पांडे, नोहर पांडे, पूरण यादव के घर के समीप एक दुर्लभ पैंगोलिन दिखाई दिया। इनमें से दो किशोरों ने तत्काल रिजर्व के कर्मचारी दिनेश तथा आपरेटर रोमी को इसकी सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र तथा तौरेंगा परिक्षेत्र की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। वहां मौजूद पैंगोलिन का सावधानीपूर्वक रेस्क्यू किया। प्रारंभिक देखभाल के दौरान उसके भोजन के लिए दीमक एवं चीटियों की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक निगरानी के बाद उसे उसके प्राकृतिक एवं सुरक्षित आवास में छोड़ा जाएगा।



यूएसटीआर के अधिकारियों ने बताया कि पैंगोलिन विश्व के सबसे अधिक तस्करी किये जाने वाले स्तनधानी जीवों में शामिल है। यह वन पारिस्थितिक तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रजाति है। चीटियों एवं दीमक को खाकर यह जंगलों के प्राकृतिक संतुलन को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यूएसटीआर ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि किसी को भी वन्यजीव दिखाई देने पर उसे परेशान न करें तथा तत्काल वन विभाग को सूचित करें। ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अग्रवाल समाज के अध्यक्ष चुने गए दयाराम अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अग्रवाल समाज धमतरी के अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को हुए चुनाव में दयाराम अग्रवाल ने 147 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। अग्रसेन भवन में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। मतगणना के बाद परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पीजी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर चौबे, सीए सुरेश गोयल, शरद अग्रवाल और सलज अग्रवाल को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था। उनकी देखरेख में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई।

समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि दयाराम अग्रवाल के नेतृत्व में समाज की एकता और संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। चुनाव संपन्न होने के बाद शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



#### 147 मतों से मिली जीत, जल्द होगा नई कार्यकारिणी का गठन

मतगणना में दयाराम अग्रवाल को 347 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रदीप अग्रवाल को 200 मत मिले। इस प्रकार दयाराम अग्रवाल ने 147 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अग्रवाल समाज के नए अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य रतनलाल अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, मदन गोयल, जुगल किशोर अग्रवाल, रमेश लाट, नवलकिशोर अग्रवाल, नानकचंद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल तथा अनिल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

#### सुबह से शाम तक चला मतदान, शांतिपूर्ण रही चुनाव प्रक्रिया

अध्यक्ष पद के लिए दयाराम अग्रवाल और प्रदीप अग्रवाल आमने-सामने थे। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अग्रसेन भवन में हुआ। समाज के कुल 829 लोगों के लिए मतदान की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर दिनभर समाज के सदस्य, दोनों प्रत्याशी और उनके समर्थक मौजूद रहे। मतदाताओं ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद मतगणना शुरू हुई और शाम करीब 5 बजे परिणाम घोषित किया गया।

# स्वास्थ्य आयोग का गठन सहित लंबित मांगों पर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने शासन स्तर पर लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश संघ के आह्वान पर बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष संजय नारंग के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है।



ज्ञापन में कहा गया है कि स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव पर सकारात्मक कार्रवाई करने, स्वास्थ्य विभाग को निजीकरण, ठेकाप्रथा आउट सोर्सिंग से मुक्त रखने, प्रदेश हेल्थ सेक्टर में काम करने वालों के लिए पंजीयन अनिवाय करने, स्वीकृत सेटअप अनुसार सीधी भर्ती तत्काल प्रारंभ करने, विभाग में कार्यरत संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन का नीति निर्धारण करने, जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को अलग अलग संस्थाओं में अलग अलग मानदेय दिया जा रहा है। प्रदेश में एकरुपता लाने स्पष्ट नीति निर्धारण करने, ऐसे संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जिसकी सेवा सतत लिया जाना है उसकी नियमित सेटअप स्वीकृति करने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए जाने प्रदेश में स्वास्थ्य आयोग का गठन करने की मांग की है।

# आयुक्त ने शहर के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

- व्यवस्थाओं में सुधार के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी के नवनियुक्त आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने शहर की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं निगम द्वारा संचालित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छता, निर्माण कार्यों की प्रगति, नागरिक सुविधाओं तथा मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।निरीक्षण की शुरुआत बागतराई डंप यार्ड से की गई, जहां आयुक्त ने कचरा प्रबंधन की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यरत स्वच्छता दीदियों एवं महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डंप यार्ड में लंबे समय से पड़े कचरे का वैज्ञानिक एवं त्वरित तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखा जा सके।

इसके पश्चात आयुक्त दानीटोला वार्ड स्थित एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा पानी सहित अन्य



आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र में पशुओं की देखभाल के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दानीटोला वार्ड एवं विंध्यवासिनी वार्ड में निर्माणाधीन एएचपी (AHP) आवासीय भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने विंध्यवासिनी वार्ड स्थित एसएलआरएम (SLRM) सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता कार्य में लगी महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके।

निरीक्षण के अंतिम चरण में आयुक्त सिटी गार्डन पहुंचे, जहां उन्होंने उद्यान की साफ-सफाई, हरियाली एवं रखरखाव का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गार्डन में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, बड़ी-बड़ी झाड़ियों की कटाई-छंटाई कराने तथा उद्यान को आकर्षक एवं नागरिकों के लिए सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश दिए।

आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप विकास एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें।



## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में वनकर्मी घायल

**धमतरी।** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार वनकर्मी को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में वनकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार वनविभाग का कर्मचारी हरीशकुमार बुधवार की दोपहर बाइक में सवार होकर सिहावा रोड से गुजर रहा था, इसी दौरान तेजरफ्तार ट्रक को चालक लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए काफी हाउस के आगे शंकर मंदिर के पास बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। उसका हाथ कुचल गया, जिसे उपचार के लिए एकता अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर हालत के चलते डाक्टर द्वारा रिफर करने पर घायल को इलाज के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया। जहां घायल का उपचार जारी है।

### धमतरी में ही ऑटो वाहनों का फिटनेस जांच कराने की मांग

**धमतरी।** ऑटो ऑनर्स एसोसियेशन धमतरी ने जिला परिवहन अधिकारी से ऑटो वाहनों का फिटनेस परीक्षण धमतरी में ही शुरू कराने की मांग की है। कार्यवाहक अध्यक्ष साहिल अहमद ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले करीब डेढ़ माह से धमतरी में वाहनों का फिटनेस नहीं हो रहा है। इसके कारण ऑटो चालकों को दुर्ग, राजनांदगांव और रायपुर जाना पड़ रहा है। इससे समय और डीजल दोनों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ रहा है। एसोसियेशन ने कहा कि धमतरी में ही फिटनेस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि वाहन मालिकों को राहत मिल सके। मांग पूरी नहीं होने पर संगठन ने न्यायालय की शरण लेने की चेतावनी भी दी है।

### मृतक के परिजन को दो लाख रुपए प्रतिकर मंजूर

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना प्रकरण में मृतक के विधिक प्रतिनिधि को 2 लाख रुपए प्रतिकर राशि मंजूर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 12 मार्च 2025 की रात्रि करीब 10.30 बजे ग्राम सिलतरा मोड़ के पास रायपुर-भखारा मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कृष्णा यादव पिता स्व. इंदलराम उम्र 30 वर्ष को ठोकर मार दी गई थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कृष्णा यादव की शासकीय अस्पताल कुरूद में उपचार के दौरान 13 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में मृतक की मां एवं विधिक प्रतिनिधि आवेदिका लच्छनीबाई पति स्व. इंदलराम निवासी ग्राम बोरेंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग को हुई क्षति के संबंध में कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त द्वारा 2 लाख रूपये प्रतिकर राशि मंजूर की गई है।

### टेलीग्राम ग्रुप व अटेंडेंस बॉट से होगी मैदानी कार्यों की सतत निगरानी

**धमतरी।** जिले में विभिन्न विभागों द्वारा मैदानी स्तर पर संचालित गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए टेलीग्राम ग्रुप का उपयोग किया जा रहा है। सभी विभाग प्रतिदिन फील्ड में संचालित गतिविधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति से संबंधित जानकारी नियमित रुप से टेलीग्राम ग्रुप में साझा कर रहे हैं। इसके साथ ही अटेंडेंस बॉट सिस्टम के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जा रही है जिससे फील्ड में उनकी नियमित एवं प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है। इस व्यवस्था से मैदानी कार्यों की सतत समीक्षा एवं निगरानी करना भी आसान हो गया है। जिले में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, नियमित उपस्थिति एवं उल्लेखनीय मैदानी गतिविधियों का प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय-समय पर सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

---

छात्रहित के मुद्दों पर केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ फूटा गुस्सा

# धमतरी में ब्लॉक कांग्रेस का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



देशव्यापी छात्रहित के विरोध प्रदर्शनों के दौरान केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार और दिल्ली पुलिस द्वारा की गई बर्बर, अलोकतांत्रिक और दमनकारी कार्रवाई के विरोध में आज धमतरी के गांधी मैदान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्षद्वय योगेश शर्मा और गौतम वाधवानी के संयुक्त नेतृत्व में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश के युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को दुर्भावनापूर्वक गिरफ्तार किया गया है। केंद्र सरकार की इस तानाशाही नीति और विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास के खिलाफ स्थानीय कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा, परीक्षा में हुई अनियमितताओं और उन व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा, जिन्होंने लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है, नई दिल्ली में संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी FIR और आपराधिक मामलों को तुरंत वापस लेनें की मांग करते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री होरा ने कहा की यह देश के युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है। छात्र और युवा रोजगार और न्याय मांग रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें जेल भेज रही है। राहुल गांधी युवाओं की आखिरी उम्मीद हैं। इस दमनकारी नीति के खिलाफ कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जब हमारे नेता राहुल गांधी युवाओं के हक की बात करते हैं, तो उन्हें डराने और दबाने के लिए पुलिस का सहारा लिया जाता है। कांग्रेस इस तानाशाही के आगे घुटने नहीं टेकेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना सबका संवैधानिक अधिकार है। दिल्ली पुलिस और भाजपा सरकार द्वारा की गई बर्बरता यह साबित करती है कि सरकार युवाओं और विपक्ष से डर चुकी है। हमारा यह संघर्ष सड़क से सदन तक जारी रहेगा। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतारू हो चुकी है। देश का युवा आज बेरोजगार है, परीक्षाओं में धांधली हो रही है, और जब श्री गांधी उनकी आवाज बनते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। यह अलोकतांत्रिक कार्रवाई देश बर्दाश्त नहीं करेगा। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि आज पूरे देश में डर का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। युवाओं के हक की लड़ाई लड़ने वाले हमारे शीर्ष नेताओं को जेल में डालना केंद्र सरकार की कायरता को दर्शाता है। धमतरी कांग्रेस पूरी ताकत के साथ राहुल गांधी के साथ खड़ी हैं। विक्रांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, जिला सचिव गुरु गोपाल गोस्वामी, राजेश पांडे ने कहा एक तरफ सरकार युवाओं और छात्रों के बेहतर भविष्य के खोखले दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे नेताओं पर लाठियां और पुलिसिया दमन चक्र चलाया जाता है। माताओं और बहनों के बच्चों का भविष्य दांव पर है, हम चुप नहीं बैठेंगे। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा की छात्रों के अधिकारों को कुचलने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली में हमारे छात्र नेताओं और राष्ट्रीय नेताओं के साथ जो बर्बरता हुई, वह निंदनीय है। केंद्र सरकार युवाओं की आवाज को दबा नहीं सकती, यह आंदोलन हर कॉलेज और ब्लॉक स्तर तक पहुंचेगा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओ ने भी संबोधित किया। इस दौरान सलीम रोकड़िया, विक्रांत शर्मा, योगेश लाल, विक्रांत पवार, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, शास्त्री सोनवानी, कन्हैया सोनी, रामनाथ यादव, राजेश पांडे, सलीम तिगाला, पूर्णिमा रजक, लुकेश्वरी साहू, कुशल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साहू समाज ने हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

साहू विकास समिति परिक्षेत्र करेली बड़ी ने ग्राम कुंडेल निवासी नीरज साहू की हत्या के मामले में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर करेली बड़ी चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। समिति द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कुंडेल निवासी नीरज साहू की 22 जुलाई 2026 को अज्ञात लोगों द्वारा नारी एवं खट्टी पुल के बीच निर्मम हत्या कर दी गई, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

साहू समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दिलाई जाए। साथ ही क्षेत्र में बढ़ रही अवैध शराब, नशाखोरी एवं चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की भी मांग की गई है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो साहू समाज करेली बड़ी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज करेली बड़ी अध्यक्ष टोमन लाल साहू, उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, संगठन मंत्री नंदनी साहू, संगठन सचिव भूषण साहू, सचिव व्यासनारायण साहू, सुरेश साहू, घनश्याम साहू, तोरण साहू, नारायण लाल साहू अध्यक्ष करेली बड़ी, गुहलेद साहू, रेखा साहू जिला साहू संघ संयुक्त सचिव, राजेंद्र कुमार साहू समेत अन्य लोग उपस्तिथ थे।

# कई स्कूलों में अब तक नहीं पहुंची पाठ्यपुस्तकें

- नया सत्र शुरू हुए एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी विद्यार्थी इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




धमतरी जिले के आदिवासी विकासखंड नगरी में शिक्षा व्यवस्था की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से प्रारंभ हो चुका है और एक माह से अधिक समय बीत गया है, लेकिन क्षेत्र के कई शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूलों में विद्यार्थियों को अब तक सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। छात्र-छात्राएं बिना किताबों के ही विद्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। पुस्तकों के अभाव में नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षक भी पाठ्यक्रम के अनुसार अध्यापन कराने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नगरी विकासखंड के अनेक विद्यालयों में अलग-अलग कक्षाओं की कई महत्वपूर्ण विषयों की पुस्तकें अब तक नहीं पहुंची हैं। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों को हिंदी एवं गणित की पुस्तकें नहीं मिली हैं। कक्षा पांचवीं में गणित की पुस्तक का अभाव बना हुआ है। कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों को कृति विषय की पुस्तक नहीं मिली है। इसी प्रकार कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को कला शिक्षा, खेल यात्रा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी तथा सामाजिक विज्ञान (भाग-2) की पुस्तकें मिलने का इंतजार है। वहीं अंग्रेजी माध्यम के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भी गणित की पुस्तक उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की चिंता बढ़ गई है।

विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षक पढ़ाई तो शुरू कर चुके हैं, लेकिन किताबें नहीं होने के कारण उन्हें पाठ समझने और घर पर दोहराने में परेशानी हो रही है। कई बच्चे अपने सहपाठियों से पुस्तक लेकर पढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि कुछ विद्यालयों में शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर लिखकर पढ़ाने को मजबूर हैं। इससे पढ़ाई की गति भी धीमी पड़ गई है।

अभिभावकों का कहना है कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष समय पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश उपलब्ध कराने का दावा किया जाता है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो लेकिन इस वर्ष नया सत्र शुरू होने के बाद भी आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं होने से बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि शुरुआती महीनों में ही पढ़ाई की मजबूत नींव रखी जाती है, ऐसे में किताबों की अनुपलब्धता विद्यार्थियों को पीछे धकेल सकती है। विकास खंड अधिकारी ने कहा कि शासन प्रशासन को पत्र के माध्यम सूची किया जा रहा है कि छात्रों को किताबें नहीं मिली है।

### गणवेश भी पूरा नहीं मिला

पुस्तकों के साथ-साथ गणवेश वितरण की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। कई विद्यार्थियों को छोटे आकार के गणवेश दिए गए हैं, जिन्हें पहनने में असुविधा हो रही है। वहीं बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी हैं, जिन्हें अब तक गणवेश नहीं मिला है। इससे पालकों में नाराजगी देखी जा रही है।

## दिल्ली आंदोलन छात्र हितों से भटक कर राजनीतिक स्वरूप ले चुका है : गौरव मगर



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल महामंत्री गौरव मगर ने दिल्ली में चल रहे आंदोलन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और छात्र को शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन हिंसा, आगजनी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान तथा पुलिसकर्मियों पर हमला किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यह आंदोलन अब केवल छात्र-नेतृत्व वाला नहीं रह गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं की सक्रिय भागीदारी के कारण इसका स्वरूप राजनीतिक हो गया है, जिससे छात्रों के वास्तविक मुद्दे पीछे छूटते नज़र आते हैं और यह आंदोलन मूल उद्देश्य से भटक चुका है।

राजनीतिक दलों पर तंज कसते हुए कहा कि साँप, बिच्छू, नेवला, गिरगिट सभी इस आंदोलन में साथ आ गये है। यदि किसी आंदोलन में राजनीतिक हित छात्र हितों पर हावी होने लगे तो यह चिंता का विषय है। छात्रों के हितों को सर्वोपरि रखें, हिंसा से दूर रहें और संवाद व संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से समाधान निकालें। अगर किसी ने कानून का उल्लंघन किया है तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष और दंडनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसी कोई अप्रिय घटना धमतरी जिले में ना हो इसकी तैयारी जिला प्रशासन को पहले से कर लेनी चाहिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाइक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे कर्मा चौक, धमतरी, मो.नं. 98264-32896

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
16/17 अगस्त 2026, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें 99931-57703, 98278-32481 98935-70664, 98271-88577

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है? तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर, अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119